# षोडश

# बिहार विधान सभा

## पंचदश सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि $\frac{\text{09 फाल्गुन, 1941 (श०)}}{\text{28 फरवरी, 2020 (ई०)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या **136**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ऊर्जा विभाग | .. | .. | 29 |
| (2) | स्वास्थ्य विभाग | .. | .. | 80 |
| (3) | पर्यटन विभाग | .. | .. | 09 |
| (4) | आपदा प्रबंधन विभाग | .. | .. | 13 |
| (5) | योजना एवं विकास विभाग | .. | .. | 02 |
| (6) | विधि विभाग | .. | .. | 03 |
| | | | कुल योग -- | 136 |

आपूर्ति करना

*402. श्रीमती भागीरथी देवी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शहर में अंडरग्राउंड केबल से बिजली आपूर्ति का निर्णय सरकार द्वारा तीन वर्ष पूर्व लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि घनी आबादी वाले प० चम्पारण जिला के प्रखंड रामनगर शहर में खुले तार से विद्युत् आपूर्ति की जा रही है, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार के निर्णय के अनुरूप कबतक रामनगर शहर के अंदर अंडरग्राउन्ड केबल से विद्युत् आपूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

राशि का भुगतान

*403. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन प्रखंड के कठामठा पंचायत के मोहसिन गाँव निवासी शाहआलम के घर आग लगने के कारण दिनांक 18 अप्रील, 2017 को गाय 1, बकरी 2, बाछी 1 की मृत्यु हो गई थी एवं कठामठा पंचायत के कठामठा निवासी सलीमा खातुन के घर आग लगने के कारण गाय 1, बाछी 1 की मृत्यु हो गई थी, उक्त मृत पशुओं का पोस्टमार्टम करने के उपरान्त सारे कागजात अंचल कार्यालय में जमा करने के इतने दिनों बाद भी पीड़ित परिवारों को अनुग्रह अनुदान की राशि का भुगतान नहीं किया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पीड़ित पशुपालकों को अनुग्रह अनुदान की राशि भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उपस्थिति सुनिश्चित करना

*404. श्रीमती आशा देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत, दानापुर प्रखंड के अधीन हेतनपुर, पतलापुर एवं मानस पंचायत के उप-स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर की अनुपस्थिति रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित तीनों उप-स्वास्थ्य केन्द्रों में डॉक्टर की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य उप-केन्द्र बनाना

*405. श्री राम विलास पासवान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगाँव प्रखंड के कुरमा पंचायत अन्तर्गत चन्नो गाँव की आबादी लगभग 3 हजार की है जहाँ स्वास्थ्य उप-केन्द्र की व्यवस्था आजतक नहीं है जिससे वहाँ के गरीब ग्रामीणों को इलाज कराने हेतु 10 किलो मीटर की दूरी पर स्थित स्वास्थ्य केन्द्र में जाना पड़ता है साथ ही बेहतर इलाज एवं समय के अभाव में जान जाने का खतरा बना रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार चन्नो गाँव में स्वास्थ्य उप-केन्द्र बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रतिनियुक्ति कराना

*406. श्री लाल बाबू राम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत प्रखंड सकरा में रेफरल अस्पताल में 14 (चौदह) डॉक्टर का पद सृजित है, जबकि वहाँ मात्र एक डॉक्टर स्थायी रूप से प्रतिनियुक्त हैं तो क्या सरकार जनहित में उक्त अस्पताल में सृजित पद के अनुसार डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*407. श्री (मो0) नेमतुल्लाह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के स्वास्थ्य केन्द्र, बरौली को विभागीय मंत्री द्वारा वर्ष 2018 में मॉडल स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में उत्क्रमित किये जाने की घोषणा की गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य केन्द्र बरौली को मॉडल स्वास्थ्य केन्द्र बनाने के दिशा में घोषणा के लगभग दो वर्ष बीत जाने के बावजूद भी अबतक विभाग स्तर से कोई भी कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र को कबतक मॉडल स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युत् की आपूर्ति

*408. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के प्रखंड ठाकुरगंज के पंचायत सखवाडाली में कुटकुडंगा ग्राम में वर्ष 2017 में बिजली का पोल एवं तार लगाया गया है, परंतु दो वर्ष से अधिक बीत जाने के बावजूद अबतक विद्युत् आपूर्ति नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित ग्राम में कबतक विद्युत् आपूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पर्यटक स्थल में विकसित करना

*409. श्री निरंजन कुमार मेहता--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि 71 बिहारीगंज विधान सभा, मधेपुरा के अन्तर्गत ग्वालपाड़ा प्रखंड के पीरनगर पंचायत का मझुआं गाँव प्रख्यात एवं लोकप्रिय संतमत विचारक बाबा महर्षि मेंहीं दास की जन्मस्थली है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव में राज्य तथा सम्पूर्ण देश से इनके अनुयायी एंव श्रद्धालु वहाँ सत्संग हेतु आते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

ऊर्जान्वित कराना

*410. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के बरारी विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत सर्वाराम दियारा के 100 जौनिया दियारा के 50 घर गंगा नदी से चारों तरफ से घिरे रहने के कारण आजतक विद्युतीकरण से वंचित है तथा अंधेरे में रहने को विवश है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों बसावटों को गैर-परम्परागत ऊर्जा सोलर प्लेट से ऊर्जान्वित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का पुनर्निर्माण

*411. श्री कमरूल होदा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के छत्तरगाछ में अवस्थित 30 शय्या वाले रेफरल हॉस्पीटल का निर्माण वर्ष 1987 में किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्तमान में उक्त रेफरल हॉस्पीटल के भवन की भौतिक स्थिति काफी जर्जर हो गई है जिसका पुनर्निर्माण किया जाना अति आवश्यक है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त हॉस्पीटल के भवन का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापित करना

*412. श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के मीनापुर प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मीनापुर में एक भी महिला चिकित्सक नहीं है, जिसके कारण महिला मरीजों को काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सक को पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*413. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत शिवसागर प्रखंड में आलमपुर के पास पनारी घाट में पावर सब-स्टेशन का निर्माण मीश्री लाल प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी द्वारा कराया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पावर सब-स्टेशन के कन्ट्रोल रूम एवं ढलाई सहित सभी कार्य प्राक्कलन के अनुरूप नहीं कराया जा रहा है तथा गुणवत्ता विहीन सामग्री का उपयोग किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पावर सब-स्टेशन के सभी कार्यों का जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करते हुए प्राक्कलन के अनुरूप कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*414. श्री राजेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत तुरकौलिया प्रखण्ड के मथुरापुर उप-स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों की संख्या अधिक होने के कारण मरीजों को 15 एवं 12 कि0 मी0 की दूरी तय कर अन्य अस्पताल में जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार मथुरापुर उप-स्वास्थ्य केन्द्र को अतिरिक्त प्रा0 स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चालू करना

*415. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कृषि फीडर के लिये ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया बंद है ;

(2) क्या यह बात बात सही है कि समयावधि कम रहने के जागरूकता के अभाव में औरंगाबाद जिले के नवीनगर एवं बारून प्रखंडों सहित राज्य के लाखों किसानों द्वारा कृषि फीडर के लिए ऑनलाईन आवेदन नहीं दिया जा सका ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पुन: कृषि फीडर के लिये ऑनलाईन प्रक्रिया को कबतक चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

*416. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत फतेहपुर प्रखण्ड में 19 पंचायतों में विद्युत सप्लाई फतेहपुर पावर सब-स्टेशन से की जाती है, जिसके कारण हमेशा लो-भोल्टेज की समस्या बनी रहती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार फतेहपुर विद्युत पावर सब-स्टेशन के अतिरिक्त एक विद्युत सब-स्टेशन गुरपा (पर्यटक स्थल) में निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्थानान्तरण करना

*417. श्री हरिनारायण सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकारी प्रावधान के अनुसार तीन वर्षों में स्थानांतरण करने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत श्री ज्ञानेन्द्र शेखर डी० पी० एम० के पद पर जिला स्वास्थ्य समिति, नालन्दा में 07 वर्षों से पदस्थापित हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार श्री ज्ञानेन्द्र शेखर डी० पी० एम०, जिला स्वास्थ्य समिति, नालन्दा का स्थानान्तरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चालू कराना

*418. श्री अभय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला अंतर्गत रतनी फरीदपुर प्रखंड के मुरहारा पंचायत के हमीदपुर अतिरिक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र (छः बेड युक्त) का दो वर्ष पूर्व ही भवन का निर्माण हुआ है, परंतु अभीतक स्वास्थ्य सेवा चालू नहीं किया गया है जिससे मरीजों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार बंद पड़े अतिरिक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विस्तार देना

*419. श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विभाग के अन्तर्गत अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय में वर्ष 2010 में संविदा के आधार पर सृजित पदों के विरुद्ध प्रखंड सांख्यिकी पर्यवेक्षक/कनीय सांख्यिकी सहायक/अन्वेषक के कुल 97 पदों पर विज्ञापन सं०-सां०यो०मूल्या०/अ/01/2009 के आलोक में नियुक्ति की गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कर्मचारियों के लिए निदेशालय के पत्रांक 811, दिनांक 16 अप्रील, 2013 के द्वारा माँगी गयी तृतीय अवधि विस्तार नहीं दिया गया और इन कर्मियों की सेवा 31 मई, 2013 को समाप्त कर दी गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इन कर्मियों को तीसरा सेवा विस्तार देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*420. श्रीमती एज्या यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अन्तर्गत पटोरी प्रखंड के दक्षिणी धमौन पंचायत में काली स्थान पोखर के नजदीक स्थित प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र भवनहीन है, जिसके कारण मरीजों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नया भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विकसित करना

*421. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत अमरपुर विधान सभा में जेठोर धाम धार्मिक दृष्टिकोण से काफी प्रसिद्ध है तथा इस धाम में पर्यटन विभाग द्वारा धर्मशाला भी बना हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त धाम का पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सहायता राशि देना

*422. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किशनपुर प्रखंड के कोसी नदी के दोनों तटबंधों के बीच अवस्थित ग्राम पंचायत बौराहा में अगस्त, 2019 में कोसी नदी में आये अप्रत्याशित भीषण बाढ़ की तबाही से तत्काल राहत के लिये पीड़ित परिवारों को 6,000 (छ: हजार) रुपये प्रति परिवार सहायता राशि सरकार द्वारा दी गई थी परन्तु 750 पीड़ित परिवारों को अबतक उनके बैंक खाते में राशि नहीं भेजी गई है, उसमें वैसे परिवार भी शामिल हैं जिनके नाम, बैंक खाता नं० एवं आई० एफ० एस० सी० कोड नहीं मिलने पर अंचलाधिकारी, किशनपुर द्वारा पुन: मिलान कर सरकार को समर्पित किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उन बाढ़ पीड़ित परिवारों को बाढ़ सहायता राशि उनके बैंक खाते में भेजने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सुविधा उपलब्ध कराना

*423. श्रीमती एज्या यादव--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत पटोरी प्रखंड के शिउरा पंचायत में ''बाबा अमर सिंह'' के ऐतिहासिक मंदिर के दर्शन हेतु प्रत्येक वर्ष में दो बार लाखों की संख्या में अनेकों राज्य से श्रद्धालु के रूप में पर्यटक आते हैं एवं पूजा अर्चना करते हैं परन्तु मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं रहने के कारण श्रद्धालुओं को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापित करना

*424. श्री गुलाब यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के झंझारपुर प्रखंड के काको पंचायत में अवस्थित अनिल स्मारक अस्पताल में चिकित्सक पदस्थापित नहीं रहने के कारण मरीजों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पताल में चिकित्सक पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

ग्रिड का निर्माण

*425. श्रीमती समता देवी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखंड बाराचट्टी में ग्रिड के निर्माण के लिये लगभग 6 महीना पूर्व में ही अंचलाधिकारी के द्वारा जमीन उपलब्ध कराया गया था परंतु निर्माण कार्य अभीतक शुरू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार ग्रिड का निर्माण कार्य शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

औचित्य बताना

*426. डॉ० रंजु गीता--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत प्रखंड बाजपट्टी, नानपुर एवं बोखड़ा में वर्ष 2019 में आये प्रलयंकारी बाढ़ राहत हेतु सरकार द्वारा 6 हजार रु० प्रोत्साहन राशि के रूप में बाढ़पीड़ितों के खाता में भेजना था लेकिन अभीतक 30 प्रतिशत बाढ़पीड़ितों के खाते में प्रोत्साहन राशि सरकार के द्वारा नहीं दिये जाने का क्या औचित्य है ?

भवन का निर्माण

*427. श्री अशोक कुमार सिंह (क्षेत्र सं० 224)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत रफीगंज प्रखंड के पंचायत बलिगांव में स्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्र, खंडवा का अपना भवन नहीं है जिसके कारण मरीजों को इलाज कराने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा देना

*428. श्री बशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखंड कोचस के चन्द्रमा चौधरी, पिता-स्व० भगवान चौधरी, ग्राम-खोड्री, सुनील सिंह, पिता-स्व० माला सिंह, ग्राम-चितैनी का दिनांक 4 अगस्त, 2019 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त मृतक के आश्रितों को अभीतक मुआवजा नहीं मिला है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मृतकों के आश्रितों को मुआवजा देने की विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

रिक्त पद भरना

*429. श्री सुबेदार दास--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में औषधि निरीक्षक का 163 स्वीकृति पद में से 56 पद रिक्त हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में 65 हजार दवा दुकान की जाँच के लिये औषधि निरीक्षक की कमी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार औषधि निरीक्षक के 56 रिक्त पद को यथाशीघ्र भरने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापित करना

*430. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या 221)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिले के नवीनगर एवं बारून प्रखंड में स्थित रेफरल अस्पताल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिला, हड्डी, त्वचा, कान एवं गला विशेषज्ञ चिकित्सकों का पदस्थापन नहीं होने के कारण रोगियों को काफी दूरी तय करके इलाज हेतु अन्य अस्पताल में जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उपर्युक्त विशेषज्ञ चिकित्सकों का पदस्थापन उक्त अस्पतालों में करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जीर्णोद्धार कराना

*431. श्री रविन्द्र यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत झाझा प्रखंड के पुरानी बाजार में सड़क के मध्य में दो बिजली का पोल है, जिस कारण आम जनता को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तथा आये दिन दुर्घटना होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पोल को सड़क के किनारे करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मुआवजा राशि देना

*432. <u>श्री शाहनवाज</u>--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखण्ड के मो० सौहराव, पिता-करीमउद्दीन, ग्राम-बारा इसतमवार, वार्ड 1 की मृत्यु दिनांक 4 अप्रील, 2019 को घर लौटते समय बिजली की तार के चपेट में आ जाने के कारण हुयी है लेकिन आजतक मुआवजा राशि उसके आश्रितों को नहीं मिला है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त मृतक के आश्रितों को मुआवजा का राशि कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

बिजली की आपूर्ति

*433. <u>श्रीमती भागीरथी देवी</u>--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा शहर के अन्तर्गत सभी मुहल्लों में बिजली चोरी एवं करंट लगने की दुर्घटनाओं को रोकने हेतु कवर्ड वायर से बिजली आपूर्ति करने का निर्णय तीन वर्ष पूर्व लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला के रामनगर के नगर पंचायत के रामजानकी मंदिर रोड, पुरानी बाजार रोड, थाना रोड के कॉलोनी में एक वर्ष पूर्व ही कवर्ड वायर से आच्छादित कर दिया गया है परन्तु बिजली आपूर्ति अभी भी तार से किया जा रहा है, जिससे दुर्घटनाओं के साथ-साथ टोका फंसाकर बिजली चारी भी धड़ल्ले से हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त तीनों कॉलोनी में कवर्ड वायर से बिजली आपूर्ति प्रारंभ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

भवन का निर्माण

*434. <u>श्रीमती गुलजार देवी</u>--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखंड स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बसीपट्टी एवं गढ़गाँव पंचायत स्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्र, भवानीपुर, कोसी दियारा क्षेत्र में अवस्थित है तथा भवनहीन होने के कारण स्वास्थ्य केन्द्र बंद है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित स्वास्थ्य केन्द्र का भवन बनाकर चिकित्सा सुविधा बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

जीर्णोद्धार कराना

*435. <u>श्रीमती अरूणा देवी</u>--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के वारिसलीगंज बाजार में स्थित रेफरल अस्पताल की स्थिति जर्जर हो गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार अस्पताल का जीर्णोद्धार कराकर नियमित संचालन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

मशीन लगाना

*436. <u>श्री चन्द्रशेखर</u>--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सदर अस्पताल, मधेपुरा में सी०टी० स्कैन मशीन उपलब्ध नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पताल में जनहित में कबतक सी०टी० स्कैन मशीन लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सुविधा उपलब्ध कराना

*437. श्री निरंजन कुमार मेहता--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहारीगंज विधान सभा के अनुमंडल स्तरीय अस्पताल उदाकिशुनगंज में पोस्टमार्टम की सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण चौसा, आलमनगर, उदाकिशुनगंज, बिहारीगंज, ग्वालपाड़ा के लोगों को क्रमश: 57 कि०मी०, 50 कि०मी०, 35 कि०मी०, 45 कि०मी०, 25 कि०मी० की दूरी तयकर पोस्टमार्टम हेतु मधेपुरा जाना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अनुमंडल अस्पताल, उदाकिशुनगंज में पोस्टमार्टम की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

भवन का निर्माण

*438. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत डोभी प्रखण्ड में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सेवईचक, महकार का अपना भवन नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र भाड़े के खपड़ैल मकान में चल रहा है, जिससे मरीजों के इलाज में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

लाभ दिलाना

*439. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के गड़हनी प्रखंड अन्तर्गत का उप-पंचायत के ग्राम-देवढ़ी में उप स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण कार्य विगत 20 वर्ष पूर्व में किया गया था, परंतु मरम्मती के अभाव में स्वास्थ्य केन्द्र पूरी तरह से जर्जर हो चुका है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जर्जर हो चुके भवन के स्थान पर नया भवन का निर्माण कराते हुये स्वास्थ्य सेवा का लाभ दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पदस्थापित करना

*440. डॉ० रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत दिघवारा प्रखण्ड के झौवा पंचायत स्थित प्राथमिक उप स्वास्थ्य केन्द्र का भवन विगत 5 वर्षों से बना हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में आजतक चिकित्सकों एवं अन्य कर्मी की पदस्थापना नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों एवं अन्य कर्मियों की पदस्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

औचित्य बताना

*441. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के भगवानपुर अन्तर्गत कविथा गाँव में प्रा० स्वा० उप-केन्द्र लगभग 45 वर्षों से निजी मकान में संचालित हो रहा है, जबकि उक्त प्रा० स्वा० उप-केन्द्र के लिये वर्ष 1974 में ग्रामीणों द्वारा जमीन निबंधित कर दिया गया है, यदि हाँ, तो निजी मकान में प्रा० स्वा० उप-केन्द्र संचालित करने का क्या औचित्य है ?

चालू कराना

*442. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत कल्याणपुर प्रखंड के सिसवा, पटना में उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन कई वर्षों से बन कर तैयार है, परन्तु अभीतक चालू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जनहित में उक्त उप स्वास्थ्य केन्द्र को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सुविधा उपलब्ध कराना

*443. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के तरारी प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-सिकरहटाकला में 400 वर्ष पुराना हजरत बीबी फातिमा का मजार अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मजार पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में हिन्दु-मुस्लिम श्रद्धालु आते हैं, परन्तु मूलभूत सुविधा के अभाव में श्रद्धालुओं को कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर श्रद्धालुओं के लिये मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

राशि देना

*444. श्री सुदामा प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत तरारी विधान सभा क्षेत्र के तरारी प्रखंड के करथ गाँव निवासी छात्र शिशु कुमार, पिता-मनोज सिंह के दानापुर स्टेशन पर ट्रेन से गिरने से इलाज के दौरान पैर कट गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि शिशु कुमार के द्वारा मुख्यमंत्री चिकित्सा योजना के तहत अनुदान की माँग की गयी थी, जिससे वे कृत्रिम पैर लगाकर अपने उज्जवल भविष्य के सपनों को साकार कर सकें;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शिशु कुमार को मुख्यमंत्री चिकित्सा योजना के तहत अनुदान राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदस्थापित करना

*445. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार एवं सोनवरसा प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र परिहार एवं सोनबरसा में एक भी महिला चिकित्सक पदस्थापित नहीं रहने के कारण प्रसव आदि में महिला रोगियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उपर्युक्त स्वास्थ्य केन्द्रों पर महिला चिकित्सक की पदस्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन निर्माण

*446. श्री लाल बाबू राम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के सकरा प्रखंड के राजापाकड़ पंचायत के रतनपुर ग्राम में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र में एक भी डॉक्टर, नर्स, कर्मचारी नहीं है तथा स्वास्थ्य केन्द्र का भवन भी काफी जर्जर अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर, नर्स की प्रतिनियुक्ति कराते हुये स्वास्थ्य केन्द्र का नया भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*447. श्रीमती अरूणा देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के वारिसलीगंज प्रखंड मुख्यालय वारिसलीगंज में एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित है, जिसमें मरीजों की संख्या अत्यधिक आने के कारण मरीजों को इलाज कराने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उपर्युक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*448. श्री शमीम अहमद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के छौड़ादानों प्रखंड अन्तर्गत उप स्वास्थ्य केन्द्र, बेला का निर्माण कार्य विगत 25 वर्ष पूर्व किया गया था, परन्तु मरम्मती के अभाव में जीर्ण-शीर्ण स्थिति में पहुँच जाने के कारण पदस्थापित कर्मियों को कार्य करने में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उप स्वास्थ्य केन्द्र, बेला का नया भवन निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

मुआवजा देना

*449. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखंड के पंचायत सरबैला के ग्राम कुसमिही के वार्ड नं०-7 में दिनांक 3 मई, 2017 को रवि कुमार, पिता-श्री जालो सादा का ग्यारह हजार वोल्ट का तार गिर जाने से मृत्यु हो गयी थी तथा इस संबंध में कांड संख्या 5/2017 दर्ज है, परन्तु अभीतक मृतक के आश्रितों को किसी तरह का मुआवजा नहीं मिला है, यदि हाँ, तो क्या सरकार मृतक के आश्रितों को कबतक मुआवजा देकर राहत पहुँचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदस्थापित करना

*450. श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के बक्सर सदर अस्पताल में महिला शल्य चिकित्सक पदस्थापित नहीं रहने के कारण मरीजों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पताल में महिला शल्य चिकित्सक पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*451. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत सिंघिया प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र, लगमा का भवन स्थित 10 वर्षों से जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उप केन्द्र के भवन जर्जर रहने के कारण ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को आकस्मिक घटना के समय प्राथमिक उपचार में परेशानी होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक जनहित में उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवन का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण रोकना

*452. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड के मदनपुर पूर्वी पंचायत अन्तर्गत +2 राजकीयकृत उच्च विद्यालय, मदनपुर में विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के अध्ययन हेतु अतिरिक्त वर्गकक्ष प्रयोगशाला भवन लाइब्रेरी के निर्माण के साथ-साथ छात्र-छात्राओं के खेल-कूद हेतु मात्र दो एकड़ भूमि खाली उपलब्ध है;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, अररिया द्वारा विद्यालय प्रबंधन समिति के अनापत्ति प्रमाण-पत्र के बगैर उक्त खाली भूमि पर बाढ़ आश्रय स्थल का निर्माण कराया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आश्रय स्थल के निर्माण को रोकने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कॉलेज खोलना

*453. श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत हिलसा प्रखंड में आयुर्वेदिक कॉलेज नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार हिलसा प्रखंड में आयुर्वेदिक कॉलेज खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रतिनियुक्त करना

*454. सुश्री पुनम कुमारी उर्फ पुनम पासवान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के कोढ़ा प्रखण्ड एवं फलका प्रखण्ड मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक भी महिला चिकित्सक पदस्थापित नहीं हैं, जिसके कारण महिला मरीजों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*455. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत सोनो प्रखंड के बिसनपुर गाँव एवं थम्मन गाँव में स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन नहीं रहने से मरीजों एवं चिकित्सकों को चिकित्सीय कार्य करने में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

राशि देना

*456. श्री नीरज कुमार (क्षेत्र सं० 68)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के बरारी विधान सभा क्षेत्रांतर्गत कुर्सेला प्रखंड में गत वर्ष अगस्त, सितम्बर माह में आई भीषण बाढ़ की चपेट में आए पाँच सौ परिवारों को अभीतक बाढ़ अनुदान राशि का भुगतान नहीं किये जाने से पीड़ित परिवार वर्तमान में भी भुखमरी के शिकार हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड के बाढ़ पीड़ित परिवारों को अनुदान राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*457. श्री चन्द्रशेखर--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला अन्तर्गत घैलाढ़ प्रखंड के पंचायत चित्ती एवं श्रीनगर में अतिरिक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र पंचायत भवन में संचालित है, लेकिन वहाँ कभी भी स्वास्थ्य कर्मी अथवा चिकित्सक नहीं जाते हैं, जिससे उक्त पंचायत वासियों को इलाज में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जनहित में उक्त पंचायतों में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन बनाकर स्वास्थ्य कर्मियों का नियमित पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*458. श्री मोहम्मद नवाज आलम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के आरा शहर के वार्ड नं० 3 बलबतरा में काँभरयुक्त तार लगाने संबंधी कार्य कागज पर कंपनी द्वारा लगाया, दिखाया गया है, लेकिन तार आजतक नहीं लगाया गया है, इसी प्रकार शहर में पूरी तरह जर्जर पोल एवं तार को नहीं बदला गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा इस संबंध में अधीक्षण अभियंता, विद्युत् विभाग, आरा को पत्रांक 677, दिनांक 16 दिसम्बर, 2019 एवं कार्यपालक अभियंता, विद्युत् विभाग, आरा को पत्रांक 682, दिनांक 24 दिसम्बर, 2019 को पत्र के माध्यम से अवगत करा दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करते हुये जर्जर पोल, तार बदलवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापित करना

*459. श्री शमीम अहमद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के छौड़ादानों प्रखण्ड अन्तर्गत उप-स्वास्थ्य केन्द्र, जुआफर एवं बंजरिया प्रखण्ड के फुलवार उप-स्वास्थ्य केन्द्र अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों उप-स्वास्थ्य केन्द्रों पर चिकित्सक एवं नर्स की पदस्थापना नहीं रहने के कारण मरीजों के इलाज के लिये अन्य स्थानों पर जाना पड़ता है जिससे मरीजों को काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों उप-स्वास्थ्य केन्द्रों पर चिकित्सक एवं नर्स की पदस्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*460. श्री राम विचार राय--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत प्रखंड साहेबगंज के ग्राम-नया टोला, मधुबनी में लगा हुआ ट्रांसफॉर्मर पर अत्यधिक भार रहने के कारण विद्युत् आपूर्ति बाधित होती है तथा ट्रांसफॉर्मर जलने का खतरा बना हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त टोला में एक अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बिजली मुहैया कराना

*461. श्री मोहम्मद नवाज आलम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के आरा प्रखंड के गोठहुला, धुंधआ, जमीरा गाँवों में एवं सनदिया पंचायत के आठ नम्बर वार्ड के दलित टोला में किसानों को खेतों में पानी पटवन के लिये विद्युतीकरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों के किसानों को पटवन हेतु बिजली मुहैया कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अधिसूचित करना

*462. श्री जिवेश कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दिनांक 16 दिसम्बर, 2017 को माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के दरभंगा परिभ्रमण के अवसर पर दरभंगा जिला अन्तर्गत जाले प्रखण्ड के जोगियारा पंचायत के जोगियारा एवं मुरैठा पंचायत के मुरैठा में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का उद्घाटन किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को अधिसूचित करने सम्बन्धी जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, दरभंगा द्वारा पत्रांक 1007, दिनांक 27 जुलाई, 2017 को प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग को पत्र संप्रेषित किया गया था;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को अधिसूचित करने के साथ-साथ पद सृजन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

प्रतिनियुक्ति कराना

*463. श्री अरूण कुमार(क्षेत्र सं0 75)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत प्रखण्ड सौराबाजार एवं प्रखंड कहरा में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र में शिशु रोग विशेषज्ञ एवं महिला रोग चिकित्सक प्रतिनियुक्त नहीं रहने से वहाँ के छोटे-छोटे बच्चों एवं प्रसुति महिलाओं को चिकित्सा कराने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

राशि देना

*464. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड प्रखण्ड के श्री विश्वनाथ बैठा, पिता स्व0 हिया बैठा, ग्राम-गणेशपुर, वार्ड नं0 08, पो0-पचनोर, थाना बेलसण्ड की मृत्यु दिनांक 28 जुलाई, 2018 को एवं श्री उमेश साह, पिता स्व0 राम प्रताप साह, ग्राम-सरैया, वार्ड नं0 13 के निवासी की मृत्यु दिनांक 28 नवम्बर, 2018 को विद्युत स्पर्शाघात से हो गयी थी, परन्तु आजतक मृतक के आश्रितों को मुआवजा राशि नहीं दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों मृतक के आश्रितों को मुआवजा राशि कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*465. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत नौतन प्रखण्ड के खड्डा स्टेडियम की मरम्मती का प्राक्कलन जिला पदाधिकारी के आदेश के आलोक में 22 लाख 99 हजार 300 रुपये का प्राक्कलन तैयार कर जिला योजना कार्यालय, बेतिया में 30 जनवरी, 2019 से रखा हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार खड्डा स्टेडियम की मरम्मती कराने तथा योजना की प्रशासनिक स्वीकृति में शिथिलता बरतने वाले पदाधिकारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

लाभ देना

*466. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसंड प्रखंड अन्तर्गत अमाना पंचायत के ग्राम-अमाना में स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण कार्य का संपादन विगत 5 वर्ष पूर्व में ही करा दिया गया है, परन्तु अस्पताल का उद्घाटन नहीं होने के कारण चिकित्सा सेवा का लाभ ग्रामीण जनता को नहीं मिल पा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल का शीघ्र उद्घाटन कराते हुए चिकित्सक एवं नर्स की पदस्थापना कर ग्रामीण जनता को चिकित्सा का लाभ उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*467. श्रीमती अमिता भूषण--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के बरौनी प्रखंड के नींगा पंचायत में मिर्जापुर स्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्र पिछले 15 वर्षों से अर्द्धनिर्मित अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार अर्द्धनिर्मित स्वास्थ्य उप-केन्द्र का निर्माण पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पदस्थापित करना

*468. श्रीमती स्वीटी सीमा हेम्ब्रम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिला के कटोरिया विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत बौंसी प्रखंड में रेफरल अस्पताल अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में एक भी महिला चिकित्सक की पदस्थापना नहीं रहने के कारण गर्भवती महिलाओं के अलावा अन्य महिला रोगियों को इलाज के दौरान काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उक्त अस्पताल में महिला चिकित्सक की पदस्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

प्रतिनियुक्ति करना

*469. श्रीमती समता देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखंड बाराचट्टी के स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सक एवं सर्जन चिकित्सक नहीं है, जिसके कारण मरीजों को कई तरह के दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सक एवं सर्जन चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

विद्युतीकरण करना

*470. डॉ0 रंजू गीता--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार के निर्णय के आलोक में सम्पूर्ण बिहार में हर घर विद्युतीकरण किया जाना है;

(2) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बाजपट्टी विधान सभा अन्तर्गत बाजपट्टी, नानपुर एवं बोखड़ा प्रखंड में विद्युत कम्पनी द्वारा 5 वर्षों से ग्रामीण विद्युतीकरण का कार्य किया जा रहा है, परन्तु अभीतक 30 प्रतिशत गाँवों में विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित विधान सभा के तीनों प्रखंडों के गाँवों में विद्युतीकरण पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सेंटर खोलना

*471. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला मुख्यालय से प्रखंड ठाकुरगंज एवं दिघलबैंक की दूरी लगभग 60 कि0 मी0 है तथा दोनों प्रखंड में एक भी डायगनोस्टीक सेंटर नहीं है जिसके कारण मरीजों को किशनगंज जाना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक खण्ड (1) में वर्णित प्रखण्डों में डायगनोस्टीक सेंटर खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*472. सुश्री पुनम कुमारी उर्फ पुनम पासवान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के फलका प्रखंड के शालेपुर पंचायत में उप-स्वास्थ्य केन्द्र अवस्थित है, जिसका भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है जो कभी भी गिर सकता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार स्वास्थ्य केन्द्र का नया भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सहायता देना

*473. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत पूजहां पटजिरवा निवासी सुनील साह, पिता-रामउग्रह साह, दिनांक 12 अप्रील, 2018 को विद्युत् स्पर्शाघात से 70 प्रतिशत शरीर गंभीर रूप से झुलस गया था, जिसके कारण वह पूर्णतः विकलांग होकर जीवित हैं, जिसे आजतक कोई सरकारी सहायता नहीं मिल पाया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पीड़ित को सरकारी सहायता देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण करना

*474. श्री फैयाज अहमद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बिस्फी प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक सहित अन्य कर्मियों के लिये सरकारी आवास नहीं है, जिसके कारण चिकित्सकों एवं कर्मियों को आपातकालीन सेवा में काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार चिकित्सक एवं अन्य कर्मियों के लिये आवास का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदस्थापित करना

*475. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत मनीगाछी प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में केवल एक MBBS डॉक्टर हैं जबकि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में 2 MBBS तथा दो सहायक नर्सों की पदस्थापन का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त स्वास्थ्य केन्द्र कई प्रखंडों के मध्य में रहने के कारण 50 हजार लोगों का उपचार कराने का स्वास्थ्य रक्षा केन्द्र है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रावधान के अन्तर्गत 2 MBBS (एक गाइनिक तथा एक पुरुष चिकित्सक) की पदस्थापन कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

व्यवस्था करना

*476. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, भागलपुर जो 40 वर्ष पुराना है, जिसमें सामान्य विभाग में 500 बेड एवं आकस्मिक विभाग में 40 बेड हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त महाविद्यालय अस्पताल में मरीजों की संख्या अधिक होने के कारण मरीजों का इलाज फर्श पर किया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त महाविद्यालय अस्पताल में सामान्य के लिये 1,500 बेड एवं आकस्मिक विभाग में 100 बेड की व्यवस्था कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापन कराना

*477. श्री शत्रुधन तिवारी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत अमनौर प्रखंड के रसुखपुर बाजार में स्वास्थ्य उप-केन्द्र अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों का पदस्थापन नहीं होने के कारण क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य सुविधा नहीं प्राप्त हो पा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य कर्मचारियों के पदस्थापन कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

औचित्य बतलाना

*478. मार सर्वजीत--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्य बात सही है कि गया जिलान्तर्गत बोधगया विधान सभा क्षेत्र में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अन्तर्गत एस० पी० एम० एल० कम्पनी द्वारा वर्ष 2018 से विद्युतीकरण एवं ट्रांसफॉर्मर लगाया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य के पत्रांक 174, दिनांक 4 सितम्बर, 2018, पत्रांक 186, दिनांक 26 सितम्बर, 2018, पत्रांक 4, दिनांक 6 जनवरी, 2019 द्वारा प्रबंध निदेशक, एस० बी० पी० डी० सी० एल० एवं कार्यपालक अभियंता परियोजना, एस० बी० पी० डी० सी० एल०, गया को 35 स्थानों पर अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाने का अनुरोध के आलोक में प्रबंध निदेशक, एस० बी० पी० डी० सी० एल०, गया के पत्रांक 355, दिनांक 4 अक्टूबर, 2018, पत्रांक 512, दिनांक 27 दिसम्बर, 2018 एवं पत्रांक 18, दिनांक 10 अक्टूबर, 2019 के द्वारा एस० पी० एम० एल० कंपनी को माँग अनुरूप अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाने का निर्देश देने के बावजूद आजतक अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर नहीं लगाने का क्या औचित्य है ?

---------

पोल लगाना

*479. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत पण्डौल प्रखंड के ग्राम-फत्तेहपुर एकडिहा वार्ड नं० 8 एवं 9 में बिजली के तार बांस पर खींचे गये हैं तथा मात्र 63 के०वी०ए० का ट्रांसफॉर्मर लगा है जिसके कारण विद्युत् आपूर्ति बराबर बाधित होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ग्राम-फत्तेहपुर एकडिहा के वार्ड नं० 8 एवं 9 बिजली का पोल लगाने तथा वहाँ लगे हुये ट्रांसफॉर्मर को 200 के०भी०ए० का करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्थापना करना

*480. श्री संजय कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास अन्तर्गत प्रखंड विक्रमगंज नगर परिषद् में स्वास्थ्य उप-केन्द्र नहीं रहने के कारण आम जनता को रेफरल अस्पताल 4 कि० मी० की दूरी तयकर जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नगर परिषद् में स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

विचार करना

*481. श्री संजय कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला रोहतास अन्तर्गत प्रखंड विक्रमगंज में स्थित अनुमंडलीय अस्पताल, धनगांई में चिकित्सक की कमी एवं चिकित्सा संबंधी संसाधन का अभाव तथा अस्पताल का बाउण्ड्रीवॉल जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में चिकित्सक, चिकित्सा संसाधन उपलब्ध कराने के साथ बाउण्ड्रीवॉल का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*482. श्री गुलाब यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सदर अस्पताल, औरंगाबाद के तत्कालीन उपाधीक्षक ने अपने पत्रांक 1617, दिनांक 26 नवम्बर, 2014 द्वारा सिविल सर्जन एवं आर०डी०डी० मगध प्रमंडल एवं डी०एम०, औरंगाबाद को एक बड़ी गड़बड़ी के संबंध में सूचित किया था एवं आर०डी०डी० स्वास्थ्य मगध प्रमंडल एवं डी०एम०, औरंगाबाद ने सिविल सर्जन औरंगाबाद को निलम प्रिंटर को ब्लैक लिस्टेड करने के लिये लिखा था;

(2) क्या यह बात सही है कि इस संबंध में नगर थाने में 373/14 एफ०आई०आर० भी दर्ज हुआ था, साथ ही निगरानी विभाग के अधीक्षक ने अपने पत्रांक 540 निग०परि०गो० शाखा, दिनांक 4 नवम्बर, 2015 के द्वारा सिविल सर्जन को जाँच के लिये दिया गया था;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*483. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत रोहतास प्रखंड के समहुता में सन् 1990 में ग्रीड का निर्माण किया गया है, परंतु ग्रिड में काम करने वाले लोगों के लिये कमरा उपलब्ध नहीं रहने के कारण काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार ग्रीड के पास पाँच कमरे का गृह निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विकसित करना

*484. श्री राजेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत तुरकौलिया प्रखण्ड मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक गाँधी घाट एवं नीम का पेड़ जो झील के किनारे स्थित है, महात्मा गाँधी के जीवन संस्मरण से जुड़ा हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार झील के किनारे स्थित गाँधी घाट झील को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चालू करना

*485. श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पी०एम०सी०एच० में डायलिसिस मशीन एवं वेंटिलेटर चालू हालत में नहीं रहने के कारण मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बंद पड़े डायलिसिस मशीन एवं वेंटिलेटर को चालू करवा कर मरीजों को राहत प्रदान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*486. श्री जय वर्धन यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत प्रखंड पालीगंज में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा घोषित सिगोड़ी में अतिरिक्त थमिक स्वास्थ्य केन्द्र के नये भवन के निर्माण हेतु निविदा दो वर्ष पूर्व ही की गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन के नक्शे के अनुरूप जमीन उपलब्ध नहीं रहने के कारण सिगोड़ी स्थित अस्पताल परिसर में अभीतक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है;

(3) यदि उपर्युक्त खडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार निविदा में दर्शाये गये भवन के नक्शे में परिवर्तन कर अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के नये भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*487. श्री चन्द्रसेन प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के वैशाली जिला के महुआ अनुमण्डलीय अस्पताल में परिवार नियोजन के तहत मिलने वाली राशि एवं नाईट गार्ड एवं सफाई के मद में प्राप्त राशि का गबन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के मिलीभगत से वित्तीय वर्ष 2014 से अबतक लगातार किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

लाभ देना

*488. श्री शाहनवाज--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखण्ड के चैनपुर, मसुरिया पंचायत के ग्राम-चैनपुर में दिनांक 3 अप्रील, 2018 को रात में अग्निकांड की घटना घटित हुई थी जिसमें मो० इकबाल, पिता-फरकन, मो०रिजवान, पिता-अकबाल सहित 5 (पाँच) परिवार का घर जलकर बर्बाद हो गया था, लेकिन आजतक उक्त पीड़ित परिवारों को अग्नि सहायता मद से इंदिरा आवास सहित अन्य मुआवजा राशि नहीं मिली है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अग्नि पीड़ित परिवारों को इंदिरा आवास सहित अन्य लाभ देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*489. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला सत्र न्यायालय में प्रतिदिन दस हजार (10,000) पुरूष एवं महिला मोवकिल आते हैं, परन्तु इनके लिये प्रतीक्षालय एवं शौचालय की व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण खासकर महिलाओं को काफी कठिनाई होती है; यदि हाँ, तो सरकार पुरूष एवं महिला मोवकिल के सुविधा हेतु पूर्णियाँ न्यायालय परिसर में प्रतीक्षालय एवं शौचालय निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

राशि का भुगतान

*490. श्री विजय शंकर दूबे--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के रघुनाथपुर प्रखंड के मिर्जापुर ग्राम में दिनांक 10 अक्तूबर, 2019 को 11 हजार वोल्ट के पक्षघात के कारण क्रमश: प्रदीप साह, पिता-स्व० योगेन्द्र साह, ग्राम-मिर्जापुर, मुकेश तुरहा, पिता-सतन तुरहा, ग्राम-रघुनाथपुर, मुन्ना बैठा, पिता-मोरहम बैठा, ग्राम+पो०-सिसवॉकला की मृत्यु हो गयी थी एवं उक्त घटना में अंकित यादव, पिता-दीलिप यादव, ग्राम-मिर्जापुर एवं प्रिंस कुमार, पिता-मिट्ठु प्रसाद, ग्राम-मिर्जापुर बुरी तरह जल गये थे जिनका इलाज विभिन्न अस्पतालों में हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि आजतक मृतकों के आश्रितों को एवं घायलों में अनुग्रह अनुदान राशि का भुगतान नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मृतकों के आश्रितों को एवं घायलों को अनुग्रह अनुदान की राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापित करना

*491. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत पण्डौल प्रखंड के सरसोपाही पूर्वी एवं सरसोपाही पश्चिमी पंचायत हेतु कार्यरत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक भी चिकित्सक पदस्थापित नहीं हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उपर्युक्त स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक को पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्थापना करना

*492. श्री अभय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया के टिकारी विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत जलालपुर पंचायत प्रखंड मुख्यालय से 15 किलो मीटर की दूरी पर अवस्थित है जिसकी आबादी लगभग 10,000 (दस हजार) है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आजादी के बाद आजतक उक्त पंचायत में आम लोगों को चिकित्सा का कोई प्रबंध नहीं किया जा सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित पंचायत में स्वास्थ्य उप-केन्द्र की स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

ड्यूटी सुनिश्चित कराना

*493. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है सदर अस्पताल, कटिहार में मेडिसीन, हड्डी रोग एवं एनेथिसिया रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों का अभाव तथा रात्रि में महिला चिकित्सा के ड्यूटी पर नहीं रहने तथा आन-कॉल पर उन्हें बुलाने की व्यवस्था के कारण इलाजरत रोगियों को समुचित चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति तथा प्रसव वार्ड में रात्रि में महिला चिकित्सकों की ड्यूटी सुनिश्चित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

आपूर्ति कराना

*494. श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के बक्सर जिला हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर में माँग के अनुसार दवाएँ उपलब्ध नहीं हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक माँग के अनुरूप दवाओं की आपूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रतिनियुक्ति करना

*495. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, भागलपुर में ई0 एन0 टी0, एनेथिसिया और चर्म विभाग में कुल 10 प्रोफेसर की कमी होने के कारण पी0 जी0 की पढ़ाई सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विभागों में रिक्त प्रोफेसर की प्रतिनियुक्ति कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उत्क्रमित करना

*496. श्री भोला यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के हनुमाननगर प्रखंड के रूपौली एवं पटोरी में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र के पास काफी जमीन है, जिसको स्थानीय लोगों द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों स्वास्थ्य उप-केन्द्र के जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराते हुये अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन बनाना

*497. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के डिफेन्स कॉलोनी, कंकड़बाग स्थित राजकीय चिकित्सालय का भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिसके कारण कभी भी जान-माल की क्षति हो सकती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल भवन को ध्वस्त कर नया भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बिजली पहुँचाना

*498. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किसानों को कृषि कार्य के लिये सरकार द्वारा खेत तक बिजली पहुँचाने का निर्णय जून, 2018 में ही लिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत कल्याणपुर तथा कोटवा प्रखंड के एक भी कृषक के खेत तक बिजली नहीं पहुँच पाई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खेतों तक बिजली पहुँचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बिजली की आपूर्ति

*499. श्री सीताराम यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखंड के गौसनगर ग्राम के पासवान टोला में बिजली आपूर्ति बाधित होने से ग्रामीणों को बहुत परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्राम के पासवान टोला में बिजली, पोल गाड़कर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

औचित्य बताना

*500. श्री राहुल तिवारी--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला कि बिहियां प्रखंड के अन्तर्गत ग्राम-फिनगी के दो अनु0 जाति के शिवजी पासवान, पिता-खुदो पासवान एवं खेदन पासवान, पिता-शिवजी पासवान की मृत्यु दिनांक 19 सितम्बर, 2017 को वर्षा में मिट्टी के मकान गिरने से उसमें दब जाने से हुई थी, परंतु अभीतक मृतक के आश्रितों को मुआवजा की राशि नहीं दी गई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मृतक के आश्रित को मुआवजे की राशि अभीतक उपलब्ध नहीं कराने और विलम्ब करने का क्या औचित्य है ?

--------

सौन्दर्यीकरण कराना

*501. डॉ0 राजेश कुमार--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया बौद्ध स्तूप विश्व का सबसे उच्चा स्तूप होने के बावजूद आजतक सौन्दर्यीकरण एवं उन्नयन नहीं हुआ है जबकि देश-विदेश के पर्यटक बौद्ध स्तूप को देखने आते हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बौद्ध स्तूप का सौन्दर्यीकरण एवं उन्नयन कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मुआवजा देना

*502. श्री अशोक कुमार सिंह (क्षेत्र सं० 224)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत मदनपुर प्रखंड के पंचायत खिरियावां के ग्राम-रतन बिगहा, थाना-सलैया के अनुज कुमार, पिता-कर्मदेव यादव की मृत्यु 30 अप्रैल, 2018 को वज्रपात से हो गई थी, जिसका यू० डी० केसी नं० 01/18 सलैया थाना में दर्ज है, परंतु 22 माह बाद भी मृतक के आश्रितों को मुआवजा की राशि नहीं मिली है, यदि हाँ, तो क्या सरकार मृतक के आश्रितों को मुआवजा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद के प्रतिवेदनानुसार मृतक स्व० अनुज कुमार, ग्राम-रतन बिगहा, थाना-सलैया, जिला-औरंगाबाद की आश्रित पत्नी गुड़ी कुमारी को चेक संख्या 726466, दिनांक 14 जनवरी, 2020 द्वारा अनुग्रह अनुदान की राशि मो० 4,00,000/ (चार लाख) रुपये का भुगतान कर दिया गया है।

--------

उपलब्ध कराना

*503. श्री चंद्रसेन प्रसाद--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के एकंगरसराय प्रखंड स्थित औंगारी धाम सूर्यनगरी में आयोजित होनेवाली मेला को वर्ष 2018 में राजकीय मेला का दर्जा दिया गया था, परन्तु मूलभूत सुविधाओं की कमी रहने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक औंगारी धाम में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

लाभ दिलाना

*504. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुपरी अनुमंडल में अनुमंडलीय अस्पताल 100 बेड का विगत 1 वर्ष से बनकर तैयार है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इतनी लम्बी अवधि बीत जाने के बावजूद अभीतक विभागीय पदाधिकारियों की लापरवाही के कारण आम जनता को उक्त अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल का शीघ्र उद्घाटन कराकर आमजनता को स्वास्थ्य सेवा का लाभ दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाना

*505. श्री राम विचार राय--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत साहेबगंज प्रखंड के रजवारा के नोनिया टोला (जगदीश महतो) के 44 आर० डी० वैशाली नहर से उत्तर कम क्षमता का ट्रांसफॉर्मर रहने के कारण ट्रांसफॉर्मर पर अत्यधिक भार रहता है और ट्रांसफॉर्मर जलने का खतरा बना हुआ है तथा बिजली बार-बार बाधित होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त टोला में अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाकर लोगों को निर्बाध बिजली देने का विचार रखती है ?

--------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*506. श्री सीताराम यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत खजौली प्रखंड के ब्रह्मोत्तर गाँव में ट्रांसफॉर्मर के अभाव में लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्राम में ट्रांसफॉर्मर यथाशीघ्र लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सौंदर्यीकरण करना

*507. श्री मदन मोहन तिवारी--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखंड मझौलिया के माधोपुर पंचायत में सरकारी तालाब स्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि तालाब के सौन्दर्यीकरण नहीं होने के कारण से इसके अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त तालाब के सौन्दर्यीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

राशि का भुगतान

*508. श्री (मो०) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत टेढ़ागाच्छ प्रखंड के बीबीगंज ग्राम के मो० फैकार मियाँ, पिता-स्व० गेंद अली, दिनांक 5 जुलाई, 2018 को आयी भीषण बाढ़ में नदी के धारा में बह जाने के कारण मृत्यु हो गयी थी, परंतु आजतक मृतक के आश्रितों को आपदा सहायता राशि का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार मृतक के आश्रित को आपदा सहायता राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चालू कराना

*509. श्री जय वर्धन यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पालीगंज अनुमंडलीय अस्पताल में पिछले दो वर्षों से ब्लड स्टोरेज यूनिट एवं पी० पी० पी० मोड से पूर्व में से चल रहे अल्ट्रासाउंड की सुविधा बंद है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ब्लड स्टोरेज यूनिट एवं अल्ट्रासाउंड की सुविधा बंद रहने के कारण आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक बंद पड़े ब्लड स्टोरेज यूनिट एवं पी० पी० पी० मोड से पूर्व में से चल रहे अल्ट्रासाउंड की सुविधा पुनः चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन निर्माण

*510. श्री (डॉ०) मेवालाल चौधरी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत असरगंज प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (30 शैय्या) में उत्क्रमित करने की स्वीकृति वर्ष 2017-18 में दिये जाने के बावजूद अभीतक भवन निर्माण एवं अन्य सुविधाएँ उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण क्षेत्र के मरीजों को इलाज में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कराकर मानक के अनुरूप अन्य सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बहाल करना

*511. डॉ0 अशोक कुमार--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य धार्मिक न्यायाधीकरण में स्थायी जजों का पद सृजित है, परन्तु 2 वर्षों से प्रभारी जजों से कार्य कराया जा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार बिहार राज्य धार्मिक न्यायाधीकरण में स्थायी जजों को बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुनर्वासित करना

*512. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत मनिहारी नगर पंचायत के शिम्भूडीह में 1965 के गंगा नदी के कटाव से विस्थापित होकर 300 परिवार रेलवे की जमीन पर रह रहे हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उन्हें पुनर्वासित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन निर्माण

*513. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखंड के पंचायत लगवां के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन बीस वर्षों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से 50 हजार की अबादी लाभान्वित होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का नये सिरे से निर्माण कराकर ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रतिनियुक्ति करना

*514. डॉ0 राजेश कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया प्रखंड के सरोत्तर स्वास्थ्य केन्द्र में 3 चिकित्सक का पद स्वीकृत है, लेकिन 20 वर्षों से कोई चिकित्सक प्रतिनियुक्ति नहीं होने के कारण मरीजों को इलाज कराने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में स्वीकृत पद के अनुरूप चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्वास्थ्य उप-केन्द्र खोलना

*515. श्रीमती रिंकी रानी पाण्डेय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला अन्तर्गत प्रखंड भभुआ पंचायत महुमत ग्राम-मोहनड्डवाँ में कोई भी अस्पताल नहीं है, जिसके कारण करीब 20 कि0 मी0 की दूरी तयकर मरीजों को कुदरा या भभुआ में इलाज कराने हेतु जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में स्वास्थ्य उप-केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण करना

*516. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत बगुलाहा के वार्ड नं0 6 (परमेश्वरी ऋषिदेव टोला) एवं 7 (गोपाल टोला, मोहन टोला) का अबतक विद्युतीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बहाल करना

*517. श्री जिवेश कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के सिंवाड़ा प्रखण्ड स्थित शंकरपुर, भपुरा एवं कटका में स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन बनकर तैयार है, परन्तु स्वास्थ्य सेवा बहाल नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उपर्यक्त सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य सेवा बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

व्यवस्था कराना

*518. श्री अरूण कुमार (क्षेत्र सं0 75)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सदर अस्पताल, सहरसा एवं प्रखंड नौहट्टा रेफरल अस्पताल, चन्द्रायन में आई0 सी0 यू0 और सी सेक्शन एवं शवगृह नहीं रहने के कारण भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में आई0 सी0 यू0, सी सेक्शन एवं आधुनिक शवगृह की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

राशि देना

*519. श्री विजय शंकर दुबे--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि छपरा जिलान्तर्गत प्रखंड माँझी के आकाश कुमार राम, पिता-अनिल राम, ग्राम-सबदरा, मो0-बंगरा का दिनांक 6 अक्टूबर, 2019 में पानी में डुबने से मृत्यु हो गयी थी, परन्तु मृतक के आश्रितों को अभीतक सरकार द्वारा अनुग्रह अनुदान की राशि नहीं दिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मृतक के आश्रितों को अनुदान का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन निर्माण

*520. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के भगवानपुर प्रखण्ड अन्तर्गत शेरपुर, सहिलोरी एवं बछवाड़ा प्रखंड के चकवा-1 में स्थित अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र का निजी भवन एवं डॉक्टर नहीं रहने से मरीजों का इलाज नहीं हो पाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र, शेरपुर, सहिलोरी का संचालन इन्दिरा ज्योति +2 महाविद्यालय के कमरा में होने वहाँ की छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है जबकि उक्त दोनों स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन निर्माण के लिए पर्याप्त जमीन भी उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थलों पर भवन निर्माण कराते हुए अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र का संचालन सुचारू रूप से कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विकसित करना

*521. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा सदर प्रखंड अन्तर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सोनहान वासुदेवपुर एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रानीपुर को विभाग ने 1 वर्ष पूर्व ''हेल्थ एण्ड वैलनेस'' सेन्टर के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया था, परन्तु 1 वर्ष बीत जाने के बाद भी अभीतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र को ''हेल्थ एण्ड वैलनेस'' सेन्टर के रूप में विकसित नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उपर्युक्त स्वास्थ्य केन्द्रों को ''हेल्थ एण्ड वैलनेस'' सेन्टर के रूप में विकसित करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पर्यटकीय स्थल बनाना

*522. श्री मेवालाल चौधरी--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत असरगंज प्रखंड का ढोलपहाड़ी आजादी के क्रांतिकारी बिरन दादा एवं उनके 200 साथियों की कर्मभूमि रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पर्यटन विभाग के द्वारा ढोलपहाड़ी को पर्यटकीय स्थल बनाने हेतु डी० पी० आर० तैयार करने के लिए 2 वर्ष पूर्व कनसलटेन्ट को स्थल निरीक्षण के लिए भेजा गया था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ढोलपहाड़ी को पर्यटक स्थल में विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

उत्क्रमित करना

*523. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के बसन्तपुर प्रखंड स्थित राजकीय चिकित्सालय, बसंतपुर में अत्यधिक मरीज आने के कारण मरीजों को इलाज कराने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल को रेफरल अस्पताल में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

कार्रवाई करना

*524. श्री मदन मोहन तिवारी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा आउटडोर के मरीजों के लिये 112 प्रकार की दवायें एवं इनडोर मरीजों को लिये 35 प्रकार की दवा उपलब्ध कराने का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण के बेतिया जिला के प्रखंड मझौलिया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में विगत 1 वर्ष के अन्दर आपूर्ति जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा बहुत ही कम दवा आवंटित किया गया है और दवा क्रय हेतु किसी निविदा का निष्पादन भी नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में मानक के अनुरूप दवा उपलब्ध कराने के साथ-साथ दवा क्रय करने में लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सुविधा उपलब्ध कराना

*525. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत चकाई प्रखंड के बौंगी, बरमोरिया पंचायत में स्वास्थ्य केन्द्र की सुविधा उपलब्ध नहीं रहने के कारण वहाँ के प्रसूति महिलाओं को काफी परेशानी होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त वर्णित पंचायतों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्था कराते हुए प्रसूति महिलाओं को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

मुआवजा देना

*526. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के डोभी थानान्तर्गत विक्रम कुमार, पिता-कोविन्द्र दास एवं शंकर कुमार, पिता-कैलाश दास, ग्राम-औरंवादोहर की मृत्यु दिनांक 13 मार्च, 2019 को सड़क दुर्घटना में जी0 टी0 रोड पर पोखरा के पास हो गई थी, जिसका काण्ड सं0 95/19, शेरघाटी (डोभी) थाना में में दर्ज है, परंतु अभीतक मृतक के आश्रितों को मुआवजा की राशि नहीं मिली है, यदि हाँ, तो सरकार मृतक के आश्रितों को मुआवजा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

भवन का निर्माण

*527. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला सत्र न्यायालय में प्रतिदिन 4,000 पंजीकृत अधिवक्ता प्रैक्टिस करने आते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला सत्र न्यायालय में अधिवक्ताओं को बैठने के लिये पर्याप्त भवन नहीं है, जिससे अधिवक्ताओं को अपना कार्य निष्पादन में काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पूर्णियाँ न्यायालय परिसर में नया भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

मुआवजा देना

*528. श्री बशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखण्ड कोचस के मृत्युंजय सिंह, पिता-श्री मुद्रिका सिंह, ग्राम-बाराडीह का दिनांक 3 अक्टूबर, 2019 एवं प्रखण्ड करगहर के सतीश कुमार, पिता-श्री हरसू सिंह, ग्राम-समहुता की दिनांक 29 अगस्त, 2019 को विद्युत् स्पर्शाघात से मृत्यु हो गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त मृतक के आश्रितों को अभीतक मुआवजा नहीं मिला है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मृतकों के आश्रितों को मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सेवा में लेना

*529. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री,ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विद्युत् विभाग, कार्य प्रमंडल, अररिया द्वारा दिनांक 20 अक्टूबर, 2018 के बाद दैनिक 32 मानवबल की सेवा समाप्त कर दी गयी जिसके कारण सभी मानवबल बेरोजगार हो गये एवं सभी के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त मानवबलों को सेवा में लेने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापित करना

*530. <u>श्री राजेश कुमार</u>--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत कुटुम्बा रेफरल अस्पताल में स्वीकृत पद में से मात्र एक ही एम०बी०बी०एस० चिकित्सक पदस्थापित हैं, जिसके कारण वहाँ के गरीब मरीज इलाज के लिये निजी चिकित्सालयों में जाने को मजबूर हैं तथा आर्थिक दोहन का शिकार हो रहे हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में स्वीकृत पद के अनुरूप चिकित्सकों के पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

उत्क्रमित करना.

*531. <u>श्री (मो०) आफाक आलम</u>--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड के गुडी पंचायत में स्थित उपस्वास्थ्य केन्द्र में अत्यधिक मरीज आने के कारण मरीजों को इलाज कराने में कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के पास 3 एकड़ जमीन है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र को अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

उत्क्रमित करना

*532. <u>श्रीमती स्वीटी सीमा हेम्ब्रम</u>--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के कटोरिया में वर्ष 1985 में 30 बेड वाला अस्पताल का निर्माण कार्य कराया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में प्रतिदिन मरीजों की संख्या 100 से भी अधिक रहने के चलते मरीजों को बेड पर इलाज की सुविधा न देकर जमीन पर ही इलाज किया जाता है, जिससे मरीजों के साथ-साथ चिकित्सकों को भी इलाज के क्रम में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल को उत्क्रमित करते हुये 100 बेड वाला अस्पताल का दर्जा दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

तार लगाना

*533. <u>श्री मनोहर प्रसाद सिंह</u>--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत नीमा पंचायत के नीमा गाँव में 11,000 वोल्ट का विद्युत् तार घरों के ऊपर से गया है, जिससे जान-माल का खतरा बना हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वहाँ केबल तार लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पदस्थापित करना

*534. <u>श्री (मो०) कमरूल होदा</u>--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के रेफरल हॉस्पीटल, छत्तरगाछ में कोई भी स्त्री रोग विशेषज्ञ विगत पाँच वर्षों से पदस्थापित नहीं हैं, जिसके कारण महिलाओं को प्रसूति के लिये काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त हॉस्पीटल छत्तरगाछ में स्त्री रोग विशेषज्ञ के पदस्थापन का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*535. श्री शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखंड में स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कुमढ़ी निजी भवन में विगत पाँच वर्षों से चल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र का अपना भवन नहीं होने के कारण रोगियों को सही ढंग से इलाज नहीं हो पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र का अपना भवन कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

प्रतिनियुक्ति करना

*536. श्री मुनेश्वर चौधरी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सदर प्रखंड छपरा के लोहड़ी पंचायत के ग्राम-डुमरियाँ में प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन जर्जर स्थिति में है तथा डॉक्टर एवं अन्य स्टॉफ की प्रतिनियुक्ति के आभाव में स्वास्थ्य उप-केन्द्र मृतप्राय है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवन का जीर्णोद्धार कराने के साथ डॉक्टर एवं अन्य स्टॉफ की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन का निर्माण

*537. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर प्रखण्ड स्थित राजकीय औषधालय, पड्डी (गजपत्ती) का भवन विगत 15 वर्षों से पूर्णतः ध्वस्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल के ध्वस्त होने से ग्रामीण क्षेत्रों के आमजनों को प्राथमिक उपचार में काफी परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जनहित में उक्त औषधालय के जर्जर भवन को निर्माण कर चिकित्सा प्रारम्भ करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पटना :
दिनांक 28 फरवरी, 2020 (ई०)।

बटेश्वर नाथ पाण्डेय,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि०स०मु० 152 (एल०ए०), 2019-20 डी०टी०पी०—550